# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अवमानना प्रार्थना पत्र संख्या–39 / 2024
अन्तर्गत
अपील संख्या–1431 / 2020
दुर्गा सिंह चुंडावत

–प्रार्थी–अपीलार्थी

बनाम

1. श्री आनन्द कुमार, अति. मुख्य सचिव, गृह विभाग, राजस्थान सरकार, सचिवालय, जयपुर।
2. श्री उत्कल रन्जन साहू, पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, लालकोठी, जयपुर।
3. श्री अजयपाल लाम्बा, पुलिस महानिरीक्षक, उदयपुर रेंज, उदयपुर।
4. श्री सुधीर जोशी, पुलिस अधीक्षक, जिला चित्तौडगढ, राजस्थान।

–अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 05.09.2024

उपस्थित :–

प्रार्थी–अपीलार्थी की ओर से : श्री शोभीत तिवाडी, अधिवक्ता
अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण की ओर से : कोई उपस्थित नहीं

समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)
लेखराज तोसावड़ा, सदस्य

## आदेश

1. प्रार्थी–अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने यह अभिकथन किया है कि अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण ने अधिकरण के अपील संख्या 1431 / 2020 में दिनांक 13.09.2023 को पारित आदेश की पालना आदिनांक तक नहीं की गई है। अधिकरण के पूर्वोक्त आदेश दिनांक 13.09.2023 का प्रभावी भाग (Operating Part) निम्न प्रकार है :–

> "अतः राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा (द्वितीय संशोधन) नियम, 2018 (अनुलग्नक–1) के क्रम में जारी स्थाई आदेश 19 / 2018 दिनांक 19.07.2018 (अनुलग्नक–2), जो कि एक प्रशासनिक आदेश है और ये उक्त नियम 2018 के सुसंगत (Consistent) है, के अलावा इसके पश्चात् इसमें जो असुसंगत (Inconsistants) संशोधन आदेश दिनांक 18.06.2020 (अनुलग्नक–6) को हम Section 4(2) of The Rajasthan Civil Services (Service Matters Appellate Tribunals) Act, 1976 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग कर खारिज (set aside) करते है। अपीलार्थी की अपील स्वीकार कर दिनांक 01.04.2018 को शत् प्रतिशत स्क्रिनिंग पद्धति से पदोन्नति किए जाने का प्रयास करने के बावजूद कॉनिस्टेबल से हेड कॉनिस्टेबल के पद हेतु 102 पद रिक्त रह गए है, जिनमें से 31 पद योग्यात्मक परीक्षा से पदोन्नति कर भरे जा चुके है, के अलावा शेष 71 पदों को भी वर्गवार योग्यात्मक परीक्षा आयोजित की जाकर वर्ष 2018–19 के लिए डी पदोन्नति से भरा जावे तथा

यदि अपीलार्थी भी पात्रता रखता है, तो उसे भी पदोन्नतिः सहित पदोन्नति के उपरान्त देय समस्त पारिणामिक लाभ प्रदान किया जावे।

तद्नुसार हस्तगत अपील का अंतिम रूप से निस्तारण किया जाता है।''

2. उनका आगे अभिकथन है कि प्रत्यर्थी विभाग द्वारा माननीय अधिकरण के आदेश दिनांक 13.09.2023 की बिना उचित कारण के जानबूझ कर अवहेलना की जा रही है, जो कि माननीय अधिकरण के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है। अतः बिना उचित कारण के जानबूझ कर अधिकरण के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। प्रत्यर्थीगण जानबूझ कर अधिकरण के आदेश की पालना नहीं कर रहा है। इसलिए प्रत्यर्थी विभाग माननीय अधिकरण के आदेशों की अवहेलना के दोषी है। अतः अवमानना प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थना है कि प्रत्यर्थी विभाग से माननीय अधिकरण के आदेश दिनांक 13.09.2023 की पालना करवायी जावे और पालना नहीं करने की स्थिति में प्रत्यर्थी विभाग के विरूद्ध अवमानना कार्यवाही प्रारम्भ कर माननीय उच्च न्यायालय को दण्ड हेतु रैफर किया जावे।

3. अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण की ओर से इस अवमानना याचिका में कोई जवाब प्रस्तुत कर यह अंकित किया गया है कि अधिकरण के आदेश दिनांक 13.09.2023 के विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में एस बी सिविल रिट याचिका संख्या 4810/2024 राज्य सरकार बनाम दुर्गा सिंह चुंडावत प्रस्तुत की गयी है।

4. हमने उभय पक्षकारों की बहस सुनी। पत्रावली का अवलोकन किया गया। बहस के दौरान प्रार्थी–अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने अवमानना प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराया। हम पाते है कि अधिकरण का आदेश पारित हुए करीब एक वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है, परन्तु अधिकरण के आदेशों की पालना नहीं की गयी है। ऐसे में इस अधिकरण के आदेशों की अवमानना की जा रही है।

5. स्वीकृत रूप से अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 13.09.2023 के क्रियाशील भाग में यह अंकित किया गया है कि :–

'''अतः राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा (द्वितीय संशोधन) नियम, 2018 (अनुलग्नक–1) के क्रम में जारी स्थाई आदेश 19/2018 दिनांक 19.07.2018 (अनुलग्नक–2), जो कि एक प्रशासनिक आदेश है और ये उक्त नियम 2018 के सुसंगत (Consistent) है, के अलावा इसके पश्चात् इसमें जो असुसंगत (Inconsistants) संशोधन आदेश दिनांक 18.06.2020 (अनुलग्नक–6) को हम Section 4(2) of The Rajasthan Civil Services (Service Matters Appellate Tribunals) Act, 1976 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का

